

# बाल न्यूज सेंटर - अ विजन टू बिल्ड ब्यूटीफुल माइंड्स

**Bal News Centre - A Vision to Build Beautiful Minds**

**प्रदीप कुमार वर्मा** (इंचार्ज प्रधानाध्यापक)
कंपोजिट विद्यालय माऊरबोझ, विकास खण्ड – घोसी
जनपद – मऊ, उत्तर प्रदेश

## पूर्व की स्थिति -

एक शिक्षक के तौर पर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शिक्षक ने अपने विद्यालय में यह पाया कि विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने में, उत्तर देने में झिझक महसूस हो रही है, उनमें क्षमता तो है लेकिन छोटी-छोटी कठिनाइयों से दूर भाग रहे हैं। अभिभावकगण की तरफ से भी यह बताया जा रहा था कि हमारे बच्चे हमारी ही बातें नहीं सुनते, पढ़ाई से संबंधित अभ्यास कार्यों में इनका मन नहीं लग रहा है- इन परिस्थितियों में मुझे लगा कि एक ऐसे अभिनव प्रयास की आवश्यकता है, जिससे विद्यार्थियों की समझ, आत्मविश्वास और झिझक को दूर किया जा सके। इसी के फलस्वरूप अपने विद्यालय में 'बाल न्यूज सेंटर- अ विजन टू बिल्ड ब्यूटीफुल माइंड्स' नवाचार की शुरुआत किया। कंपोजिट विद्यालय माऊरबोझ में 31 अक्टूबर 2019 से 'बाल न्यूज सेंटर' का क्रियान्वयन हो रहा है।




## नवाचार का उद्देश्य -

'बाल न्यूज सेंटर- अ विजन टू बिल्ड ब्यूटीफुल माइंड्स' का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभाओं में निखार लाना है, उनकी समझ में अभिवृद्धि करना तथा आत्मविश्वास को विकसित करना है। विद्यालय में विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को अध्यापक के साथ-साथ उनके माता-पिता/ अभिभावकों से जोड़े रखना है, ताकि विद्यार्थी विशेष के लर्निंग गैप को अध्यापक और अभिभावक व्यक्तिगत रुप से देख सकें और समझ सकें तथा इस पर मजबूती से कार्य कर सकें। विद्यार्थियों में नैसर्गिक रूप से अन्य सहपाठियों के साथ अंतर-क्रिया की भावना होती है साथ ही वह अपने सहपाठियों से खुद को बेहतर साबित करके अधिक उत्साहित होता है; इन परिस्थितियों में विद्यार्थियों को परिवेशीय ज्ञान, संस्कार एवं गतिविधि आधारित प्रेरक कविताओं, कहानियों के माध्यम से प्रार्थना सभा के उपरांत छोटे-छोटे विषयगत प्रस्तुतीकरण का अवसर देकर उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखार

सकते है। उनमें आत्मविश्वास, उत्साह, आत्मसम्मान का भाव जगाकर जीवन में उनकी सफलता की संभावनाओं को उड़ान दे सकते हैं।




**क्रियान्वयन -** इस नवाचार के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को कुल तीन चरणों में विभाजित किया गया -

**चरण 1 -** 'बाल न्यूज़ सेंटर- अ विजन टू बिल्ड ब्यूटीफुल माइंड्स' के माध्यम से प्रोजेक्ट आधारित सीख (Project Based Learning) के तहत विषयगत पाठ पर आधारित छोटा- छोटा प्रस्तुतीकरण तैयार किया जो संबंधित विद्यार्थी के लर्निंग लेवल को ध्यान में रखकर बनाया गया ताकि प्रस्तुतीकरण के समय विद्यार्थी अपने आप को सहज महसूस कर सके।

**चरण 2 -** दूसरे चरण में विद्यार्थी के लर्निंग लेवल के अनुरूप शिक्षक द्वारा पूर्व में तैयार किए गए प्रस्तुतीकरण का विद्यार्थी द्वारा अक्षरशः तथा समझ के साथ अभ्यास किया जाता है। इसके लिए विद्यार्थी जहां अपने आप को असहज महसूस करता है वहां शिक्षक को सभी आवश्यक सहायता देनी होती है। इस दूसरे चरण में शिक्षक को अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों के सामने एक आदर्श प्रस्तुति भी देनी होती है- यहाँ विद्यार्थी प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर प्रस्तुतीकरण से संबंधित अपने विषय को बड़ी बारीकी से समझ के साथ अभ्यास का प्रयास करता है।

**चरण 3 -** नवाचार का तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण प्रार्थना सभा के उपरांत अपने सहपाठियों के सामने ही पूर्व चयनित विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जाता है, विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण अन्य शिक्षकों को उनकी कतारों के बीच अलग-अलग स्थानों पर खड़े होकर प्रस्तुतीकरण को ध्यान से सुनने और समझने की कोशिश करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।




अंत में विद्यार्थी द्वारा किए गए निष्कर्ष प्रस्तुतीकरण की वीडियो क्लिप जो उक्त अवधि में बनाई जाती है उसे विद्यालय अवधि के उपरांत अभिभावकों और अध्यापकों के व्हाट्सएप ग्रुप्स में शेयर की जाती हैं। अभिभावक बड़ी उत्सुकता और धैर्य के

साथ अपने बच्चे के इस प्रस्तुतीकरण का इंतजार करते रहते हैं। अपने माता-पिता और शिक्षक की इस प्रसन्नता के आलोक में अन्य विद्यार्थी भी अगले कार्य दिवस की नई गतिविधि का हिस्सा बनने के लिए उत्साह के साथ अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हैं।

यहाँ सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि हम किस प्रकार किसी विद्यार्थी के अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को निखार सकते हैं, कैसे इनके माता-पिता/ अभिभावक को भी इस तथ्य की सार्थकता का आभास करा देते हैं कि आपके बच्चे के भीतर अनेक गुण छिपे हुए हैं जिस पर हमें लगातार कार्य करते रहना है - यहां एक विद्यार्थी, अध्यापक और अभिभावक के आत्मीय संबंधों को मजबूत बनाए रखने के लिए स्वयं के कर्तव्यबोध के साथ-साथ इस कार्य की निरंतरता को बनाए रखना आवश्यक है। शिक्षक की देख-रेख में विद्यार्थियों द्वारा किया जाने वाला यह सतत् प्रयास और उसकी सफलता, उनके आत्मविश्वास, ज्ञान और समझ को मजबूत बनाने के साथ-साथ उसकी शिक्षण प्रक्रिया को रुचिकर और आनंद दायक बना देती है।

**प्रभाव -**

इस नवाचार के फलस्वरूप कक्षा 1st से 8th तक की प्रत्येक कक्षा से 10-10 विद्यार्थी अपने विषय वस्तु को गतिविधियों के माध्यम से तत्काल प्रभावी और रोचक ढंग से प्रस्तुत कर सकते हैं जिनके विडियो क्लिप्स प्रतिष्ठित स्तर पर सराहे और शेयर भी किये जाते हैं। इसके साथ ही नामांकन और उपस्थिति में निरंतर वृद्धि हुई है। कंपोजिट विद्यालय माऊरबोझ में अप्रैल 2018 को 146 से प्रारंभ हुआ नामांकन वर्तमान में स्थानाभाव के बावजूद **643** पर पहुंच चुका है।

| नामांकन | |
|---|---|
| **शैक्षिक सत्र** | **नामांकन** |
| अप्रैल - 2018 | 146 |
| 2018 -2019 | 292 |
| 2019 - 2020 | 426 |
| 2020 - 2021 | 543 |
| 2021 - 2022 | 567 |
| 2022 - 2023 | 606 |
| 2023 -2024 | 633 |
| 2024 - 2025 | 639 |
| 2025 - 2026 | 643 |
| 2026 - 2027 | 643 |

अभिभावकों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों एवं प्रबुद्धजनो के सहयोग से प्रार्थना स्थल पर 35x45 वर्ग फीट का एक भव्य मल्टीपर्पज शांति शेड का निर्माण किया गया है जो आज विद्यालय में आयोजित होने वाली अनेकों गतिविधियों के लिए बेहद कारगर सिद्ध हो रहा है।





जनसहयोग से निर्मित बहुद्देशीय शांति शेड

सेवित ग्राम सभा माऊरबोझ के अतिरिक्त सुदूर क्षेत्रों से कुछ अभिभावक अपने बच्चों को निजी साधन से विद्यालय छोड़ने आते हैं-


यह है न्यू इंडिया : प्राइमरी स्कूल वही, तस्वीर नई

निजी साधनों से विद्यालय आते विद्यार्थी

## अन्य उपलब्धियां-

अब तक 26 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए चयनित हो चुके हैं। सत्र 2023-24 में कंपोजिट विद्यालय माऊरबोझ के छात्र प्रेमशंकर द्वारा इस परीक्षा में अपने जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया गया। कक्षा 8 के विद्यार्थियों हेतु आगे की पढ़ाई के लिए आयोजित होने वाली श्रेष्ठा परीक्षा में आस्था और सूर्य प्रताप ने टॉप-टेन में अपना स्थान बनाया और अब वाराणसी के सनबीम विद्यालय में क्रमशः $10^{th}$ और $11^{th}$ की शिक्षा नि:शुल्क ग्रहण कर रहे हैं।

**विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियां**

| क्रमांक | प्रतियोगी परीक्षाओं का नाम | छात्र संख्या |
|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा | 26 |
| 2 | इंस्पायर अवार्ड | 5 |
| 3 | विद्याज्ञान प्री परीक्षा | 4 |
| 4 | श्रेष्ठा | 2 |
| 5 | नवोदय विद्यालय | 2 |

- विद्या ज्ञान की प्री परीक्षाओं में लगातार चयन के साथ-साथ अनुराग गोंड और अनुष्का गोंड ने नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु जारी मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया।
- जिलास्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निरंतर शानदार प्रदर्शन किया जाता रहा है - विगत शैक्षिक सत्र में कक्षा $8^{th}$ के छात्र अंश गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर श्रीहरिकोटा का भ्रमण किया है।

